







# जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित, महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे है

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय पीएम श्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में महिलाओं का सम्मानित किया. विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया.**



उप मुख्यमंत्री ने समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि वैदिक काल से ही नारियों को परिवार और समाज में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया. वैदिक ग्रंथों में कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती वहां देवताओं का वास होता है. नारियों को आदर और सम्मान देने से देव प्रसन्न होते हैं जब देव प्रसन्न होते हैं तब सभी कठिनाईयाँ दूर हो जाती हैं. हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लगातार प्रयास कर रही है. महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत तथा नगरीय निकायों एवं पंचायत राजसंस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. महिलाओं में योग्यता की कमी नहीं है. पूरे अवसर मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में सफल हो रही हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा महिला स्वसहायता समूहों को वित्त पोषण सरकार के महिला सशक्तिकरण के सफल प्रयास हैं. आज महिलायें राजनैतिक, प्रशासनिक, सैन्य क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहीं हैं. देश के सर्वोच्च पद पर महामहीम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू कार्य करते हुए नारियों का सम्मान बढ़ा रही हैं. लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता और विकास का अवसर दिया जा रहा है. हर महीने मिलने वाली 1500 रूपये की राशि से बहने अपने घर परिवार के छोटे-मोटे कार्य कर लेती हैं.

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

उप मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के आरंभ में कन्या पूजन किया तथा कन्याओं से आशिर्वाद प्राप्त किया. उप मुख्यमंत्री ने संयुक्त आयुक्त श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी श्रीमती प्रमा पाण्डेय, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह, लोक गायिका मणिमाला सिंह, तुलसा दुबे, डॉ. केशकली तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा तिवारी, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा सिंह तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया. समारोह में जनपद अध्यक्ष रीवा श्रीमती संगीता यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, राजेश यादव, प्राचार्य डॉ. आरएन तिवारी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती शशिश्याम उइके, कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह उपस्थित रहे.




# स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाली महिलाएं की गई सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम रीवा द्वारा महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल कौशल केंद्र नगर निगम कन्या स्कूल रीवा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में नगर निगम बाल कौशल केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं एवं नगर निगम रीवा में स्वच्छता कार्य में योगदान दे रही महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर महिलाओं के परिश्रम, समर्पण और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और समाज में उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त नगर निगम रीवा प्रकाश द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. उन्होंने कहा कि समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं. महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण से ही समाज और देश की प्रगति संभव है. कार्यक्रम के दौरान सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती प्रीति रोचलानी, आईईसी टीम से विवेक परमार, अवनीश शुक्ला, राजमणि तिवारी, भोला तथा सुनील कुमार सहित नगर निगम बाल कौशल केंद्र के छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे.

# वर्षो से एक ही स्थान में जमे है सेक्टर सुपरवाइजर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, जिला महिला बाल विकास विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम पर है. यहां पर सिस्टम के साथ नीचे से लेकर ऊपर तक मनमानी का दौर चल रहा है.**

दुर्भाग्य की बात यह है कि सारी गतिविधियों के बारे में प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होती है. इस संबंध में जो जानकारियां मिली है उसके अनुसार महिला बाल विकास अंतर्गत पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर पिछले 15 सालों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, और तो और सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर सेक्टर तक नहीं बदले गए. वही कार्यकर्ता रहेंगे मध्यान भोजन में संलग्न समूह अपनी मनमानी करते हैं जिसमें सेक्टर सुपरवाइजर का बड़ा रोल रहता है. अगर लोगों का सेक्टर ही चेंज होता रहता तो कुछ हद तक भ्रष्टाचार में कमी आ सकती थी लेकिन ऐसा करने की दम ही नहीं रख पा रहे हैं स्थानीय अधिकारी जिसकी वजह से और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ता जा रहा है. दुर्भाग्य की बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पोषण आहार योजना के नाम पर एक बड़ा खेल हो रहा है. कलेक्टर प्रतिभा पाल भी महिला बाल विकास अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर ध्यान नहीं दे रही है जिसका फायदा मनमानी करने वाले लोग उठा रहे हैं.

# उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वद्यालय के समीप स्थित झलबदरी तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया.**

अमृत 2.0 मिशन अन्तर्गत एक करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से झलबदरी तालाब का सौन्दर्यीकरण व जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है. उन्होंने निर्देश दिये कि शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लोकार्पण किया जा सके. उन्होंने मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक-2 परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज जबलपुर जायेंगे

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 9 मार्च को सुबह 7 बजे रीवा से सड़क मार्ग द्वारा जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे. जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत श्री शुक्ल शाम 5 बजे भोपाल रवाना होंगे.

### जिला स्किल कमेटी की बैठक आज

**रीवा.** संभागीय आईटीआई की जिला स्किल कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 9 मार्च को सुबह 11 बजे आयोजित की गई है. प्राचार्य ने संबंधितों से बैठक में उपस्थित की अपेक्षा की है.

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 9 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी. बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की जायेगी. बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों, ई-आफिस व्यवस्था तथा एचपीबी टीकाकरण की समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### उप मुख्यमंत्री ने निशानेबाज को किया सम्मानित

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ढेकहा निवासी प्रतिभाशाली युवा निशानेबाज यश पाण्डेय को सम्मानित किया. यश पाण्डेय ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एसियान राइफल पिस्टल चैम्पियनशिप में 10 मीटर इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है उप मुख्यमंत्री ने यश पाण्डेय को देश प्रदेश और विन्ध्य क्षेत्र का नाम रोशन पर बधाई दी तथा उनके भविष्य की कामना की. यश पाण्डेय ग्राम पंचायत दादर के सरपंच अनुरूद्ध प्रसाद पाण्डेय के पौत्र हैं.



### कायस्थ समाज ने मनाया होली मिलन

**रीवा.** चित्रांश परिवार कायस्थ समाज रीवा द्वारा स्थानीय शिप कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में वरिष्ठ सदस्यों द्वारा भगवान चित्रगुप्त पूजन के पश्चात उद्बोधन का कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कुमुद श्रीवास्तव अध्यक्षता कायस्थ समाज के अध्यक्ष सुशील खरे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष शारदा प्रसाद श्रीवास्तव डॉ एसके श्रीवास्तव डॉ विजय श्रीवास्तव ने की. कार्यक्रम में सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक किए जा रहे कार्यक्रमों के प्रशंसा की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोलते हुए चित्रांश परिवार के अध्यक्ष सुशील खरे ने कहा कि समाज का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विधाओं से जुड़े व्यक्तियों को मंच उपलब्ध कराना और उन्हें आगे बढ़ाने में समाज को मदद करने की आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया गया है सभी प्रकोष्ठों द्वारा बड़ा शानदार कार्य किया जा रहा है और कायस्थ समाज के जनगणना का लक्ष्य शीघ्र ही पूरा किया जा सकेगा. मंच का संचालन नीलेश श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम में श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने होली गीत को कत्थक के रूप में प्रस्तुत किया साथ ही नितिन श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, आशीष खरे, ने अपनी गीतों एवं कविताओं से लोगों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ डॉ विनोद श्रीवास्तव डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव श्री संतोष श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव मोनिका, धर्मेंद्र श्रीवास्तव श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, डॉ माया श्रीवास्तव, डॉक्टर नीलम श्रीवास्तव मौजूद रही.



# अमहिया थाने में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिलाओं को किया गया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में अमहिया थाना परिसर में चल रही गुरुकुल पाठशाला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया और महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया था कि आज के समय वह किसी से कम नही है. हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान है और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई. इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों और स्थानीय महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और एक-दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई. अधिकारियों ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल और प्रशासन समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है.

# लाइनमैन दिवस पर सम्मानित किये गये लाइनमैन

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लाइनमैन दिवस के अवसर पर रीवा ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालयों में लाइनमैनों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया.**




रीवा में ट्रांसको प्रबंधन द्वारा सतना से विशेष तौर पर नियुक्त किए गए अधीक्षण अभियंता एमपी पटेल ने प्रबंध संचालक सुनील तिवारी के संदेश का वाचन कर लाईनमैनों को सम्मानित किया. इस अवसर पर लाइनमैनों ने कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पालिसी के तहत सुरक्षा की शपथ ली एवं अपने अनुभव साझा किये. एम पी ट्रांसको परिसर गोड़हर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 32 लाइन कर्मियों को तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया. कंपनी द्वारा उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किये गए. इस अवसर पर रामप्रकाश सिंह, रमेश द्विवेदी, अनिल केवट, अरूण पटेल, संजय सिंह, रामलखन कुम्हार, अर्पित तिवारी, संदीप त्रिपाठी, धर्मेन्द्र पटेल, रजवेश पटेल, सनित सौंधिया, समरजीत सिंह, सुरेश पटेल, रामनारायण कुशवाहा, सूरज त्रिपाठी, काशी प्रसाद शुक्ला, मनोज मिश्रा प्रदीप पटेल सहित अन्य को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक अभियंता अजय चौरसिया एवं कनिष्क सिंह ने किया.

### संभागीय समीक्षा बैठक 10 को

रीवा, 8 मार्च, रीवा और शहडोल संभाग में गेंहू उपार्जन की तैयारी के लिए बैठक 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अपर मुख्य सचिव भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गेंहू उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे. रीवा और शहडोल के संभागायुक्तों, कलेक्टर्स सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

# विश्वविद्यालय कार्यपरिषद ने 15 शिक्षकों को स्थाई किया

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों में पदस्थ 2 वर्ष पूर्व नियुक्त 15 शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर स्थाई किया गया.**

बैठक हाइब्रिड मोड पर संचालित की गई जिसकी अध्यक्षता कुलगुरु प्रो.राजेंद्र कुमार कुडरिया ने की. बैठक में प्रमुख रूप से प्रोफेसर नविता श्रीवास्तव, प्रोफेसर अर्चना गुप्ता, प्रोफेसर मृणाल श्रीवास्तव, प्रोफेसर आर. एन. पटेल, डॉ. विमल कुमार पाण्डेय, प्रोफेसर अर्पित अवस्थी, श्रीमती निहारिका सिंह, अजय सोन केसरिया, अजय मिश्रा, गजेन्द्र दुबे, डॉ सध्या पटेल, डॉ. सुरेन्द्र सिंह परिहार, कुललचिव उपस्थित रहे. कुलसचिव को कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु निर्देश दिये. कार्य परिषद की बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यसूची के अनुसार एकमात्र विषय था विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने में विचार विमर्श.कुलगुरू ने सभी सदस्यों को अवगत कराया कि विभिन्न विभागों में पदस्थ नवनियुक्त शिक्षकों, जिनकी वर्ष 2023 एवं 2024 में विभिन्न शैक्षणिक विभागों में नियुक्त किया गया था उनके दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया है. इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन ने जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी. उन्हे पूरा किया.

# लट्ठमार होली नृत्य के साथ फाग मंडली ने बांधा समा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, होली महोत्सव को हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार ने रंग गुलाल के बीच मस्ती भरे अंदाज से शहर के पद्मधर पार्क में रिमही लोक होली कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों के बीच प्रेम भाईचारे का संदेश देते हुए बघेलखंड की फाग को जीवंत किया.**




धर्म परिवार से जुड़े कलाकारों ने शानदार लठमार होली नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों को बृज की होली का आनंद दिया. हिंदू उत्सव समय धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के नेतृत्व में रंग पंचमी के एक दिन पूर्व पदमधर पार्क में आयोजित हुए रिमही लोक होली कार्यक्रम में रीवा विधानसभा की आधा दर्जन से अधिक बघेली फाग टीमों ने पारंपरिक लोकगीतों संस्कृतिक रंगों और मस्ती का अद्भुत प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में उड़ते रंग बिरंगे गुलाल के बीच महिला मंडली ने ढोल के साथ सुमधुर फाग गायन की प्रस्तुति देकर होली के मस्ती में सभी को सराबोर किया. कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राज्य अधिवक्ता परिषद के पूर्व सदस्य रावेंद्र मिश्रा, साईं मंदिर संस्थान के पुजारी, अध्यक्ष अजय धमीजा राजेश साहनी, लखन खंडेलवाल गिरीश सिंह अरुण चतुर्वेदी मानस मंडल उपाध्यक्ष संदीप सिंह, श्रीप्रकाश तोमर, अनूप सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे.

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई होली

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम किया गया. जहा कांग्रेसियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी. तो वही जिले भर से आयीं फाग मंडलियों ने फाग की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.**

पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ. शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने सभी कांग्रेस जनो को अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया.

कार्यक्रम का सफल संचालन एड. शशि कुमार पाण्डेय ने किया. इस अवसर पर विमलेन्द्र तिवारी, एस पी एस तिवारी, गोविन्ददास तिवारी, शिव प्रसाध प्रधान रवि तिवारी, सज्जन पटेल, गिरीश सिंह, रमेश पटेल, मुस्तहाक खान, रामकीर्ति शर्मा, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, बघेल, मोहम्मद रफीक अंसारी, जितेन्द्र सिंह, संतोष सोहगौरा मौजूद रहे.



# भगवान राम का जीवन मर्यादा, सत्य और कर्तव्य पालन का सर्वोच्च उदाहरण है : राघवाचार्य

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 8 मार्च, मनगवां के हनुमंता में बाल्मीकि रामायण कथा महोत्सव में ज्ञान भक्ति के साथ कथा का श्रवण लोग कर रहे है.**

रविवार को कथा का श्रवण करने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला पहुंचे और जगतगुरू स्वामी राघवाचार्य महाराज से आर्शीवाद प्राप्त किया. जगतगुरू स्वामी राघवाचार्य महाराज ने कहा भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए ताड़का वध की कथा सुनाई. उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार केवल एक आदर्श राजा बनने के लिए ही नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था. उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादा, सत्य और कर्तव्य पालन का सर्वोच्च उदाहरण है. कथा के दौरान महाराज श्री ने बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने अपने पिता दशरथ द्वारा दिए गए वचनों की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. यही कारण है कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है. उन्होंने कहा कि आज के समय में भी यदि समाज श्रीराम के आदर्शों को अपनाए तो जीवन में संतुलन, मर्यादा और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है. आज जब विश्व अनेक प्रकार के संघर्षों और वैचारिक गतिरोधों से गुजर रहा है, तब सनातन धर्म का समन्वय, सहिष्णुता और मानवता का संदेश पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शक बन सकता है. कथा डा. एस.एस तिवारी के मार्गदर्शन में हो रही है.